हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–110 : जौनपुर, गुरुवार 16 जून 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## बेरोजगारी दूर करने के लिए केंद्र व राज्य सरकारों ने उठाये कदम –मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) विश्व संवाद केन्द्र के समीक्षक मृत्युंजय कुमार दीक्षित के अनुसार देश में बेरोजगारी की दर को कम करने के लिए केंद्र व भाजपा की राज्य सरकारें ठोस कदम उठाने की दिशा में बढ़ रही हैं। बेरोजगारी विगत कई विधानसभा चुनावों में युवाओ के बीच एक गम्भीर मुददा रहा है और अगले साल नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव तथा 2024 में लोकसभा चुनाव भी होने हैं। वर्ष के अन्त में गुजरात व हिमांचल राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे है। ऐसे में भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारों ने युवाओ की सुध लेते हुए कुछ क्रांतिकारी कदम उठाकर एक साथ कई लक्ष्य साधने के प्रयास किए हैं। केंद्र सरकार ने बेरोजगारी की समस्या को कम करने के लिए सरकारी नौकरियों में बैकलाग भरने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अगले डेढ़ साल में मिशन मोड में 10 लाख भर्तियां की जायें। अनुमानित आंकड़ो के अनुसार 40 लाख केंद्रीय पदों में फिलहाल नौ लाख स्वीकृत पद खाली हैं। यह अब तक का सबसे बड़ा महाभियान होगा क्योंकि पिछले कई दशकों से सरकार में इतने बड़े पैमाने पर भर्तियां नहीं हुई हैं। इस महाभियान में एससी, एसटी और पिछड़े वर्गो के लिए आरक्षित पद भी भर दिए जायेंगे। इस महाभियान के अंतर्गत रेलवे भी अगले एक साल में 1,48,463 लोगों की भर्ती करेगा। इस महाभियान के माध्यम से युवाओं में छायी हुई निराशा को काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना – केंद्र सरकार ने सेना को युवा बनाने के उद्देश्य से अग्निपथ नाम से एक नयी योजना की घोषणा कर दी है यह सेना में भर्ती का सबसे बड़ा सुधारात्मक कदम है। सेना में भर्ती के लिए अंग्रेजो के जमाने से चले रहे कानूनों व नियमों को समाप्त कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत सेना में भर्ती होने वाले युवाओं को अग्निवीर कहा जायेगा। इस योजना के अंतर्गत 10वीं और 12वीं पास 17 से 21 वर्ष की आयु के 86,000 युवाओ का भर्ती किया जायेगा। योजना में छह माह की ट्रेनिंग और उसके बाद चार साल की सेवा के बाद उन्हें 11.71 लाख रूपये का करमुक्त सेवा निधि पैकेज भी मिलेगा। भर्ती अखिल भारतीय चयन समिति के तहत होगी। इस योजना में भर्ती होने वाले सभी युवाओं को देशभर में हर जगह नियुक्त किया जायेगा तथा इस योनजा में सेना के तीनों अंग जल, थल एवं नभ शामिल हैं। युवाओं मे लड़के एवं लडकियां दोनों शामिल होंगे। योजना की घोषणा करते समय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में बदलाव से सैनिको की भर्ती शुरू में चार साल के लिए होगी लेकिन बेहतर प्रदर्शन करने वाले करीब 25 फीसदी को आगे सेना में नियमित कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह जवान चार साल की सेवा के बाद स्वस्थ शारीरिक व मानसिक स्थिति और आधुनिक तकनीक कौशल के साथ समाज के विभिन्न हिस्सों में अपने बेहतर योगदान के लिए तैयार रहेंगे। वायुसेना और नौसेना में युवा महिलाओं की भी भर्तियां होंगी। इस योजना के अंतर्गत सेनाओं में नियमित करने के लिए चुने गये युवाओं को न्यूनतम 15 वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए सेवा करनी होगी। सबसे बड़ी बात यह है कि राष्ट्र की सेवा के दौरान अग्निवीरों को विभिन्न सैन्य कौशल और अनुभव , अनुशासन, शारीरिक फिटनेस, नेतृत्व गुण, साहस और देशभक्ति का प्रशिक्षण दिया जायेगा। सेवानिवृत्त हुए अग्निवीरों को नई सेवाओं के लिए प्राथमिकता देते हुए नागरिक समाज में शामिल किया जायेगा , जहां ये राष्ट्र





निर्माण में योगदान दे सकते हैं। इस योजना में अगर सेवा के दौरान कोई जवान शहीद होता है तो उसके परिवार को एक करोड़ रूपये दिये जायेंगे। सेवाकाल में अगर जवान दिव्यांग हो जाता है तो 100 प्रतिशत दिव्यांगता पर 44लाख , 75 प्रतिशत पर 25 लाख व 50 प्रतिशत दिव्यांगता पर 15 लाख रूपये मिलेंगे। सरकार का कहना है कि सेना में यह नई भर्ती योजना गेमचेंजर साबित होगी लेकिन विपक्ष व विशेषज्ञ इस स्कीम पर कई सवाल भी खडे कर रहे हैं। सरकार का कहना है कि इससे सेना का आधुनिकीकरण तेज होगा और इस योजना से उन युवाओं को अवसर मिलेगा जो तकनीक कौशल में ढलकर अनुशासित रूप में समाज में योगदान देना चाहते हैं। इस योजना से भारतीय सैन्य बलों को युवा चेहरा मिलेगा। सेनाओं की वर्तमान औसत उम्र 32 साल है और जो घटकर 6– 7 साल में 26 साल हो जायेगी। सरकार ने योजना के लिए नारा दिया है कि आओ बनें हम भारत के अग्निवीर थलसेना,नौसेना और वायुसेना में। सबसे बड़ी बात यह है कि जब देश में कोई आतंकी हमला होता है या चीन और पाक जैसे शत्रुओं से निपटने की तैयारी होती है तब देश के बहुत से युवा सेना में जाने के लिए तैयार रहते हैं और बहुत से युवा एक सैनिक जैसा प्रशिक्षण प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं। यह योजना इन युवाओं के लिए भविष्य की चाभी साबित हो सकती है। गृह मंत्रालय ने सेवा समाप्ति पर अग्निवीरों को प्राथमिकता के साथ केंद्रीय बालों में स्थान दिए जाने की बात कही है जबकि भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों ने अग्निवीरों को प्रदेश सरकार के सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए प्राथमिकता देगी तथा इन अग्निवीरों का उपयोग अन्य सरकारी व निजी व क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर किया जा सकता है। यही कारण है कि यह योजना गेमचेंजर कही जा रही है। आने वाले समय में अब सरकार व सेना के पास सेवा के लिए अतिरिक्त युवाओं की कमी नहीं हो पायेगी। अभी तक सेनामें जो भर्तियां हो रही थीं वह ब्रिटिशकाल के नियमों के अंतर्गत हो रही थी जिसके कारण हमारे पास युवा और ऊर्जावान सैनिकों की कमी पड़ जाती थी अब वह कमी दूर हो सकती है और देश में युवा बेरोजगारी की दर में भी गिरावट आ सकती है। यद्यपि मोदी से विरोध रखने वाले देश के कुछ रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि योजना में माध्त्र छह महीने की ट्रेनिंग एक कुशल सैनिक तैयार करने के लिए अपर्याप्त है। विशेषज्ञों का कहना है कि लीक से हटकर किया गया यह निर्णय बेहद खतरनाक भी हो सकता है और पूरी तरह से प्रशिक्षण न मिलने पर एक सैनिक किसी के भी जीवन को खतरे में डाल सकता है। वहीं दूसरी ओर बिहार के भी छात्र सड़क पर उतर आये हैं और सरकार की नयी स्कीम का विरोध कर रहे हैं। अब देखना यह है कि आने वाले समय मे सरकार बेरोजगारी दूर करने के लिए अपनी सभी स्कीम को किस तरह से लागू करती है।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा जन्म–मृत्यु प्रमाणपत्र के पंजीकरण पर अत्यधिक जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह की सक्रियता की जरूरत है, उतनी सक्रियता इस मामले में नहीं दिख रही है। उन्होंने निर्देशित किया कि कितने बच्चों का जन्म हुआ और कितने लोगों की मृत्यु हुई इसकी जानकारी रखे। जन्म, मृत्यु दर आंकड़े जितने सही होंगे उतना ही योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। इसलिए इसका शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन अति आवश्यक है। इस संदर्भ में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जितने भी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों क्रियाशील में है उसकी रंगाई–पोताई कराते हुए समस्त आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाये और उन्हें एक आदर्श स्वास्थ्य सुविधा केंद्र के रूप में स्थापित किया जाये। प्राथमिक उपचार की सुविधाएं यदि अपने या पड़ोस के गांवों में मिलेंगी तो इससे बड़ी सहूलियत होगी। इन सेंटरों पर नियमित टीकाकरण, गर्भवती व बच्चों को जांच–उपचार की सुविधा, किशोर–किशोरियों की स्वास्थ्य समस्याओं का निस्तारण किया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि हर समय कोविड संक्रमण पर नियंत्रण के लिए सतर्कता जरूरी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि बाहर से आने वाले यात्रियों का आरटीपीसीआर और एंटीजन जांच अवश्य की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी आयु वर्ग का कोविड टीकाकरण शत–प्रतिशत कराये जाने पर भी जोर दिया जिससे संक्रमण के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जांच की क्षमता को पूर्व की भाति तीव्र किया जाय और कोरोना प्रोटोकाल का



पालन कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने आयुष्मान योजना में कार्ड और ईलाज में समस्त अधीक्षकों को प्रगति खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस आयोजित होंगे इसके लिए 27 जून से 10 जुलाई तक दंपति संपर्क पखवाड़ा जिसमे आशा और आगनवाड़ी घर घर जाकर रजिस्ट्रेशन करेगी तथा 11 जुलाई से सभी स्वास्थ केंद्रों तथा जिला अस्पताल पर पुरुष और महिला नशबंदी कैंप आयोजित होंगे। जिलाधिकारी द्वारा बेलांव मुफ्तीगंज की कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) कविता यादव को लैपटॉप दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि लैपटॉप की मदद से सीएचओ को गैर संचारी रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग का डेटा एनसीडी पोर्टल पर अपलोड करने में सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही सीएचओ के कार्य में पारदर्शिता आएगी और उच्च स्तरीय चिकित्सा इकाई पर संदर्भन की स्थिति में विशेषज्ञ चिकित्सक मरीज के स्वास्थ्य से संबंधित सूचनाएं आनलाइन देख सकेंगे। इससे मरीजों की काउंसलिंग करने तथा डायग्नोस्टिक करने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### तपस्या नारी सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट ने योग जागरूकता रैली में लिया हिस्सा

नवसारी, गुजरात ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : गुजरात के नवसारी में गुजरात राज्य योग बोर्ड के भव्य योग जागरूकता रैली में तपस्या नारी सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट ने भी अपनी सहभागिता जताई. वहीं पर तपस्या नारी सेवा समिति चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ऋषिदा ठाकुर ने कहा कि योग हमारे जीवन का एक हिस्सा बन चुका है इसके बिना हमें लगता है हमारा यह जीवन अधूरा है योग करने से ही हम निरोग हो सकते करे योग रहे निरोग जिसके करने से हमारे शरीर की तमाम बीमारियां दूर हो जाती है. तपस्या नारी सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट के आवाहन पर दिल्ली से पधारे योग गुरु अनिल जैन जी का पौधा देखा सम्मान किया गया साथ ही साथ गुजरात राज्य योग बोर्ड के चेयरमैन श्री शीशपाल जी का भी सम्मान किया गया. ज्ञात हो कि तपस्या नारी सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट एक स्वयंसेवी संस्था है जिसकी अध्यक्ष ऋषिदा ठाकुर ने तपस्या नारी सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट की नीव 1 अक्टूबर 2018 को रखी संस्था 2017 से नियमित सामाजिक कार्य कर रही है महिला सुरक्षा, बाल विकास, समाज



सुरक्षा, जिला पंचायत, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आपातकालीन विभाग आदि के साथ संस्था कार्य कर रही है तपस्या नारी सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट ने 5000 से भी ज्यादा महिलाओं को जागरूक किया रोजगार दिया और कानूनी जानकारी भी नवसारी जिले में 200 से ज्यादा महिलाओं के केस लिए कानून की सहायता से समाधान भी कराया नारी शक्ति को लेकर सशक्त है तपस्या नारी सेवा समिति. उक्त कार्यक्रम में संस्था का हुआ सम्मान.वहीं पर इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे तपस्या नारी सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्षा ऋषिदा ठाकुर परमार, दिलीप, महेश, प्रकाश पाटिल, रिनल, माधुरी, योगिता आदि ने अपनी सहभागिता जताई।

## राजाबाजार मे खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चलाया व्यापारी जागरूकता अभियान : दिया आवश्यक निर्देश !

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खाद्य सुरक्षा अधिकारी बदलापुर डा० तूलिका शर्मा द्वारा आज गुरूवार दोपहर राजाबाजार की बाजार मे ब्यापारी जागरूकता अभियान चलाकर ब्यापारियो को कई आवश्यक पहलुओ पर सुझाव दिया है ! सभी ब्यापारी को आनलाईन लाईसेन्स आवेदन कर लाईसेन्स अतिशीध्र बनवाए जाने का निर्देश दिया ! अन्य आवश्यक पहलुओ को निर्देशित करते हुए डा० तूलिका ने कहा कि सभी व्यापारी जिनका लाइसेन्स है वे अपना लाईसेन्स अपनी दुकान पर टांग कर रखे !जिससे पता चले कि दुकान का लाइसेन्स है दुकान मे खाद्य और अखाद्य सम्बन्धी जैसे नमकीन बिस्किट व साबुन सैम्फू आदि सामाग्रियो को अलग अलग कतार मे रखा जाना चाहिये ! सभी सामान का रखरखाव सुरक्षित हो! राजाबाजार मे पहली बार आई महिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी को देखते ही व्यापारियो मे एक बानगी अफरा तफरी मच गयी लोग अपनी अपनी दुकाने बंद कर भागने लगे !कुछ देर बाद किसी तरह ब्यापारियो को समझाबुझा कर इकठ्ठा किया गया ! जिसमे खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा० तूलिका शर्मा ने मिठाई दुकानदारो व समोसा टिकिया जलेबी बनाने वाले व्यापारियो से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि वे कभी भी खाद्य सामाग्री मिठाई समोसा जलेबी जैसी अन्य कई ऐसी खाद्य सामाग्री को कागज के अखवारो पर न रखे ! न ही अधिक रंगीन मिठाई का उपयोग करे मीठा बनाते समय अधिक रंग कलर का प्रयोग न करे !मिठाई पर नकली चांदी वर्क न लगाये



ये सभी स्वास्थ्य के लिये हानिकारक और पावंद है ऐसा करने वाले दुकनदारो के खिलाफ आवश्यक कार्यवाई की जायेगी जागरूकता बैठक मे बाजार के अधिक से अधिक दुकानदार उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## पूरी तरह ध्वस्त है बिजली व्यवस्था : सड़क पर फूट रहा आवाम का गुस्सा

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : सीतापुर यूपी के सभी शहरों को 24 घण्टे निर्बाध रूप से बिजली मुहैया कराने का सपना दिखाकर प्रचण्ड बहुमत के साथ विधान सभा चुनाव की वैतरणी पार करने वाली योगी सरकार के शासन काल में बिजली की कटौती एक बड़ी समस्या के तौर पर दिन–ब–दिन उभर कर सामने आ रही है। जब की प्रदेश के मुखिया



योगी आदित्य नाथ की तरफ से शहरों व ग्रामीण इलाकों में भरपूर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बहाल करने के शख्त आदेश कई बार भरे मंचों से साफ तौर पर जारी कर चुके हैं। उसके बावजूद सरकार के फरमानों का असर मानों बिजली महकमें में जमें कई वर्षों से भ्र्ष्टाचार में लिप्त तमाम लापरवाह जिम्मेदारों की ओर से जमीनी स्तर पर कत्तई लागू नहीं किया जा रहा है ।आवाम को 24 घण्टे बिजली आपूर्ति तो दूर की बात आज महज 4 घंटे की सप्लाई ब–मुश्किल से लोगों के हिस्से में मिल रही है। जिसको लेकर सीमावर्ती जिले सीतापुर व लहरपुर नगर की आवाम अब अपनी बुनियादी मांग को लेकर सड़क पर उतर अपने आक्रोश का प्रदर्शन प्रकट करना चाहिए है। इसी कड़ी में लहरपुर नगर के सैकड़ों लोगों लोगों को नगरी इलाकों में लगातार कट रही बिजली की समस्या से आहत होकर क.ड कर्यालय से लगाकर बाहर स्थित नगर के विधुत उपखंड कार्यालय पावर हाऊस के सामने रोडजाम कर घण्टों बिजली विभाग के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाकर अपना आक्रोश प्रकट करें। जिसकी भनक पाकर शायद मौके पर पहुँच कर उपखण्ड कार्यलाय के अधिकारी व जिलाधिकारी की टीम किसी तरह आक्रोशित लोगों को विधुतीकरण मामले में आश्वासन दें। नगर के पीड़ित लोगों का कहना है की जिले का व नगर का बिजली महकमा अपनी मनमानी पर उतर आया है और रोजाना रूटीन कटौती के नाम पर 18 से 20 घँटे लगातार बिजली की कटौती कर सरकार के दावों की हवा निकालने का काम कर रहा है। अगर इस समस्या का हल सरकार के तमाम जिम्मेदारों ने जल्द ही नहीं निकाला तो आगामी दिनों में यही समस्या सरकार और सिस्टम के लिए कहीं न कहीं एक बड़ी चुनौती का सवाल बन नाशूर का रूप अख्तियार कर सकती है इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता।

## शिक्षामित्रों और संविदा अनुदेशकों की संविदा अवधि अब 16 जून से 31 मई तक होगी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश शासन ने परिषदीय स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षामित्रों व संविदा अनुदेशकों की संविदा अवधि 16 जून से 31 मई तक कर दी है। साथ ही जनवरी में होने वाले 15 दिवसीय सर्दी के अवकाश 31 दिसंबर से 14 जनवरी की अवधि उनकी सेवाओं में नहीं जोड़ी जाएंगी




और न ही उन्हें इस अवधि का मानदेय मिलेगा। इस तरह उनकी सेवाएं 11 महीने की ही रहेंगी। इसके साथ ही अब यह स्थिति स्पष्ट हो गई है कि उन्हें 16 जून से शैक्षिक सत्र शुरू होने पर कक्षाओं में पढ़ाना होगा। अभी तक इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं थी क्योंकि संविदा की अवधि 1 जुलाई से 31 मई तक थी और नई संविदा अवधि 1 जुलाई से शुरू होनी थी। इसी पर अब शासन ने संशोधित आदेश जारी कर दिया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छा दिल संबंधों को जीत सकता है लेकिन अच्छा स्वभाव उन्हें आजीवन निभा सकता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# न तो कभी विरोध थमता है : और न ही मेट्रो

आज बांदा ग्राउंड सबसे बड़ा गड्ढा है। रात के अंधेरे में यहां के निवासियों के घरों की दीवारें भूमिगत सुरंग के झटके से हिलने लगती हैं। लोगों के घरों में पीले निशान हैं, जो बताते हैं कि उन्हें ध्वस्त कर दिया जाएगा। किसी भी निवासी को पुनर्वास की किसी योजना की जानकारी नहीं है। जब स्टेशन बनेंगे, तो पता ही नहीं चलेगा कि वहां क्या था और क्या खो गया है।

वर्ष 2008 में पहली मेट्रो लाइन की शुरुआत ने बंगलूरू को सतत बदलाव की स्थिति में ला दिया, जो कभी खत्म होता नहीं लगता है। हर लाइन जुड़ने के साथ जगहें और पहचान चिह्न गायब हो जाते हैं, तथा इसके चलते मलबे, कटे हुए पेड़ों के अवशेष एवं गड्ढे रह जाते हैं। न तो कभी विरोध थमता है, और न ही मेट्रो। कांच के भीतर से केवल बाहर और बाहर ही देखा जा सकता है।

एक छोटे शहर से ताल्लुक रखने वाले अशोक पर्पल लाइन पर मेट्रो ट्रेन ऑपरेटर हैं। बंगलूरू के एमजी रोड पर अपनी पहली यात्रा को याद करते हुए वह कहते हैं, 'मुझे लगा कि कोई चिड़िया शहर के ऊपर से सभी शानदार जगहों को देखते हुए उड़ रही है...यह काफी रोमांचक था।' ट्रेन से शहर सुचारू ढंग से बढ़ता दिखता है, क्योंकि आप ट्रैफिक की यातायात के शोर, धूल और गंदगी के ऊपर से गुजरते हैं।

यात्रियों का दृश्य–पथ धुएं से धुंधले क्षितिज तक फैला हुआ है, जो ऊंची–ऊंची इमारतों से घिरा हुआ है और हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता ही जाता है। इसके बावजूद कि घर से मेट्रो के बीच की कनेक्टिविटी खराब है, महिलाओं का कहना है कि वे सफर के लिए मेट्रो को पसंद करती हैं, क्योंकि यह 'स्वच्छ', 'सुरक्षित' है और इसका उपयोग 'सभ्य लोगों' द्वारा किया जाता है।

सभ्य लोगों से उनका तात्पर्य अच्छी तरह से तैयार, व्यवस्थित मध्यम वर्गीय व्यक्ति है। अपनी पूरी दक्षता और आभा के साथ इस हाई–टेक ड्रीम मशीन मेट्रो ने हजारों लोगों के शहर में आवागमन को आसान बना दिया है, लेकिन यह कई अंतर्विरोधों से भरा है। ये अंतर्विरोध कभी–कभी कर्मचारियों की अचानक हड़ताल और तकनीकी गड़बड़ियों के रूप में सामने आते हैं।

इसकी निर्बाध गतिविधि उन अनसुलझी लड़ाइयों पर निर्भर है, जो पर्यावरणविदों, भूमि गंवाने वालों और शहर के अन्य लोगों द्वारा वर्ष 2007 से सड़क पर और अदालतों में लड़ी जा रही हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश लड़ाइयों ने ट्रेन को ज्यादा प्रभावित नहीं किया है, क्योंकि यह निर्बाध चलती है, पूरे शहर में नए मार्ग बनाती है और हर बढ़ते शहर के भीतरी इलाकों में अपनी जगह बनाती है।

इन पंक्तियों की लेखिका को दिए अपने एकमात्र इंटरव्यू में बंगलूरू मेट्रो कॉरपोरेशन के निदेशक ने यह स्पष्ट कर दिया कि मुझे अधिकारियों, कर्मचारियों या यात्रियों से इंटरव्यू नहीं लेने दिया जाएगा। इसलिए मैंने केवल गुपचुप बातचीत और गुप्त बैठकों के जरिये मेट्रो कर्मचारियों के जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त की है, और किनारे रहकर मेट्रो की खुदाई के दौरान आवासीय जगहों और उसके आसपास को नष्ट होते देखा है।

तीन साल पहले, निर्माणाधीन पिंक लाइन ने अपना मार्ग बदल दिया और 2.5 किमी से भी कम क्षेत्र में फैले तीन खेल मैदानों को निगल लिया। तीन घनी एवं निम्न आय वर्ग के लोगों की बस्तियों के लिए यही एकमात्र खुला सार्वजनिक स्थान था, जिसे स्टेशन बनाने के लिए ले लिया गया और इस तरह बच्चों एवं वयस्कों को इकट्ठा होने, खेलने, इबादत करने और जश्न मनाने के लिए जगह से वंचित कर दिया गया।

आज बांदा ग्राउंड सबसे बड़ा गड्ढा है। रात के अंधेरे में यहां के निवासियों के घरों की दीवारें भूमिगत सुरंग के झटके से हिलने लगती हैं। लोगों के घरों में पीले निशान हैं, जो बताते हैं कि उन्हें ध्वस्त कर दिया जाएगा। किसी भी निवासी को पुनर्वास की किसी योजना की जानकारी नहीं है। जब स्टेशन बनेंगे, तो पता ही नहीं चलेगा कि वहां क्या था और क्या खो गया है।

मेट्रो कॉरपोरेशन पर लगातार अपारदर्शी होने और सहभागी प्रक्रियाओं को दरकिनार करने का आरोप लगाया गया है। न केवल हरे रंग के टीन के बैरिकेड्स के भीतर निर्माण कार्य चलता रहता है, बल्कि अचानक स्थान परिवर्तन के फैसलों के बारे में भी चुप्पी छाई रहती है और उन लोगों को भी कुछ नहीं बताया जाता, जो उससे सीधे प्रभावित होते हैं। पिछले साल यात्रियों को प्लेटफॉर्म के किनारे से दूर रखने वाली एक महिला गार्ड स्वयं बेहोश होकर पटरियों पर गिर पड़ी।

सौभाग्य से वह बच गई और उसे घर भेज दिया गया। लेकिन उसके फिर से काम पर लौटने की सूचना नहीं मिली। मेट्रो कर्मचारी यूनियन के नेता स्वामी ने बताया कि हो सकता है कि वह थकावट के कारण गिर गई हो। इस तरह की कहानियां मेट्रो संचालन करने वाले लोगों के साथ उसके सामाजिक संबंधों के बारे में बताती हैं। मेट्रो अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक पर चलती है।

इसका कार्यस्थल उच्च तकनीक वाला है, लेकिन सामाजिक संबंध पुराने ढर्रे को दर्शाता है, जो 'प्रबंधन और 'काम' करने वालों के बीच बड़े पैमाने पर विभाजन पैदा करते हैं। सात साल पहले बनी यूनियन को अब तक मान्यता नहीं मिली है। प्रबंधन के अनुसार, कोई श्रमिक नहीं है, क्योंकि सभी कर्मचारी टेक्नोलॉजी के साथ काम करते हैं।

इसलिए, कर्मचारी औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947) द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा का दावा करने में असमर्थ हैं, जिससे उचित वेतन और काम की परिस्थितियों के लिए सौदेबाजी के अधिकार सहित कई अधिकार प्राप्त होते हैं। इसके अलावा, श्रमिकों को एक गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य होता है, जो उन्हें रोजगार की विसंगतियों और शिकायतों सहित कार्यस्थल की गतिविधियों को सामने लाने से रोकता है।

मेट्रो लाइनें शहर में स्थानों, लोगों और रोजमर्रा की जिंदगी पर उनके प्रभाव के आधार पर पदानुक्रम पैदा करती हैं। मेट्रो को तालियों की गड़गड़ाहट मिल रही है, जिसकी वे हकदार भी हैं, लेकिन इसकी आड़ में उन कहानियों को छिपा दिया जाता है, जो इसके स्याह पक्ष को दर्शाती हैं। निकट भविष्य में लगभग 50 और शहर मेट्रो को अपना सकते हैं, मगर ऐसे हर शहर को विरासत में जटिल सांगठनिक प्रवृत्तियां और कार्यशैली मिलती है, जो शायद ही पारदर्शी या समावेशी हैं।

इससे रहने लायक शहर के लिए निवासियों की जद्दोजहद बढ़ जाती है। इन प्रतिस्पर्धाओं के परिणाम मेट्रो को या तो समावेशी शहरी भविष्य के लिए एक भागीदार में बदल सकते हैं, या फिर लोगों और जगहों पर किसी कल्पित शहर के अपने दृष्टिकोण का ठप्पा लगा सकते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## शासनादेश पालन न करने पर प्रांतीय खंड अधिशासी अभियंता मलखान सिंह पर कभी भी गिर सकती है कार्यवाही की गाज!

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : शासनादेश का पालन न करना एक बड़ी बात कहीं जा सकती है क्योंकि शासनादेश वह चीज है जिसके जरिए शासन प्रशासन से संबंध जोड़ता है और शासनादेश यह तय करते हैं की प्रशासन को शासन की किस गाइडलाइन पर चलना है और किस तरह से अपने दायित्वों को निभाना है जिसके तहत शासनादेश जारी कर विभिन्न विभागों को दिशा निर्देश दिए जाते हैं परंतु शासनादेश का पालन कैसे हो रहा है यह भी अहम बात मायने रखती है क्योंकि शासन ने तो शासनादेश जारी कर विभागों को किस तरह से कार्य करना है निर्देश दे दिया परंतु उन दिशानिर्देशों का शासनादेश के जरिए पालन हो रहा है या नहीं यह भी सोचना आवश्यक है, बताते चलें कि कई दिनों से सुर्खियों में चल रहे अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग मलखान सिंह का रवैया शासन से अलग नजर आ रहा है यहां पर शासन का पालन कैसे हो रहा है यह देखने वाली बात है या यह कर लीजिए कि यहां पर शासनादेश महज एक दिखावा बनकर रह गए हैं अब शासनादेश पालन न करने की वजह क्या है? यह कहने की आवश्यकता तो है ही नहीं सभी को पता है की इस के पीछे कौन सी शक्ति छिपी है? लेकिन अब जल्द से जल्द कोई कार्यवाही हो सकती है क्योंकि अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सीतापुर मलखान सिंह द्वारा शासनादेश का पालन नहीं हो रहा और वह अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं यह कहना भी उचित होगा? इस राज का पर्दा उठ चुका है।समूह (ग) के कर्मचारियों को 3 वर्ष की अवधि पूरी होने पर क्षेत्र/पटल परिवर्तन का शासनादेश जारी है, परंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है शासनादेश का पालन अधिशासी अभियंता मलखान सिंह द्वारा नहीं किया जा रहा है। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता मलखान सिंह के किस्सों के चर्चे आप शासन तक भी जा पहुंचे हैं, जिसमें स्पष्ट है कि शासनादेश का पालन न करके मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशों की अवहेलना, भारी पड़ सकती है । यह सभी को पता है मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व सख्त है, इस पर कभी भी कोई कार्यवाही हो सकती है जो कार्यवाही की गाज बनकर अधिशासी अभियंता मलखान सिंह टूट सकती है ।अब देखना यह है शासन कब तक इसमें संज्ञान लेगा लेकिन यह तय है कि इस पर कार्यवाही होगी अब कौन–कौन इसकी जद में आएगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## उप निबंधक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार : बगैर रिश्वत नहीं होते कार्य

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : सीतापुर तहसील लहरपुर में उप निबंधक विनोद कुमार सिंह के द्वारा व्यापक भ्रष्टाचार जानबूझकर कराया जा रहा है इस कार्यालय में एक रजिस्टार एक बाबू सुरेश कुमार एक कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार इसके अतिरिक्त तीन दलाल मोतीलाल सुनील कुमार एवं अनूप कुमार जो संपूर्ण कार्यालय को संभालते हैं इनकी कमाई प्रतिदिन इतनी है कि यह डिजायर कार से आकर लहरपुर में दलाली करते हैं बे ना मै में सरकारी फीस के बराबर रिश्वत ली जाती है फीस के पैसे सुरेश बाबू लेता है और रिश्वत के पैसे सुनील लेता है 100 प्रति फाइल कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा वसूली की जाती है इस प्रकार अधिकारियों की आंख के नीचे ऐसी दलाली का कार्य जोर–शोर पर चल रहा है कोई पूछने वाला नहीं है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर यहां व्याप्त है जबकि भाजपा की योगी सरकार हर कार्यालय विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संकल्प लेकर प्रयासरत है परंतु तैनात भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से दलाली रिश्वतखोरी फल फूल रही है




ऐसी जानकारियां शिकायती प्रार्थना पत्र में शिकायत कर्ताओं के द्वारा बताई गई हैं लोगों का आरोप है कि रजिस्ट्री कराने में व्याप क घोटाला भ्रष्टाचार हो रहा है।

## जुमे पर हिंसा के विरोध में सड़कों पर उतरा बजरंग दल : जगह–जगह किया हनुमान चालीसा का पाठ

नोएडा ब्यूरो : नुपुर शर्मा के विवादित बयान के विरोध में जुमे की नमाज के बाद हुए प्रदेशभर में हुए हिंसक प्रदर्शन के विरोध में गुरुवार को प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बजरंग दल ने प्रदर्शन किया। बजरंग दल ने इस दौरान जगह–जगह हनुमान चालीसा का पाठ किया। कानपुर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को गुरुदेव चौराहा, खलासी लाइन, रामादेवी और किदवई नगर चौराहे पर विरोध जताया। इस दौरान उन्होंने काफी देरतक नारेबाजी की। कुछ स्थानों पर आपत्तिजनक नारे लगाए जाने की भी बात सामने आई है। गोरखपुर में भी बजरंग दल ने जुमे की नमाज के विरोध में प्रदर्शन किया। उन्होंने हिंसा के विरोध में नारेबाजी की और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। वाराणसी में बजरंग दल ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन वाराणसी में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शास्त्री घाट पर प्रदर्शन किया। संगठन के सदस्यों ने हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा और शांतिपूर्ण माहौल और सौहार्द बने रहने की कामना



की। साथ ही सरकार से कट्टरपंथियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। बजरंग दल काशी प्रांत के सह संयोजक कृपा शंकर तिवारी संजीव ने कहा हिंसा के आरोपियों पर रासुका के तहत कार्रवाई हो।

## नियमित योग करने से दिल दिमाग एवं शरीर क्रियाशील रहते है – सुरेश कुमार मिश्र

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना)आज अमृत योगाभ्यास शिविर के अवसर पर कोतवाली परिसर में आयोजित योगासन कार्यक्रम का शुभारम्भ कोतवाली शाहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने कहा कि नियमित योग करने से दिल, दिमाग एवं शरीर क्रियाशील रहते है और व्यक्ति निरोग रहता है, इसलिए हर व्यक्ति को अपने खुद व परिवार के सभी सदस्यों के साथ प्रतिदिन नियमित समय पर योगासन करना चाहिए। नोडल अधिकारी डॉक्टर मधु सिंह के निर्देशानुसार योग प्रशिक्षक विशाल द्विवेदी, प्रवेंद्र सिंह एवं सुतीक्ष्ण राठौर ने योग करने से होने वाले लाभ बताते हुए योग आसन प्राणायाम के विभिन्न अभ्यास सिखाए।कहा कि योग के बारे में अपने मोहल्ले एवं आसपास के लोगों को भी बतायें और रोगों को दूर भगाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए योग करने के लिए प्रेरित करें। शिव सत्संग मण्डल के केंद्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने बताया कि महर्षि पतंजलि योगसूत्र के अष्टांगिक मार्ग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के माध्यम से समग्र जीवन का कल्याण किया जा सकता




है। इस योग शिविर में अतिरिक्त निरीक्षक वासुदेव यादव,वरिष्ठ उप निरीक्षक इख्तियार हुसैन, उप निरीक्षक विजय कुमार शुक्ला,सुबोध कुमार,ज्ञानेश दुबे, धर्मेंद्र सिंह चंदेल, संजय सिंह,राम लाल सोनकर, जितेन्द्र बहादुर सिंह , सगीर मोहम्मद, बद्री प्रसाद, देवेन्द्र पाण्डेय, अजय कुमार, प्रियंका,बबली, रंजना, पूनम, संगीता चौहान, मानसी सिंह, आरती, नीलम, जय लता कुमारी एवं अनेक आरक्षी आदि मौजूद रहे।

## 'अग्निपथ' पर आगरा में आक्रोशः युवाओं ने दिल्ली हाईवे पर लगाया जाम : बाह में बस पर पथराव

आगरा ब्यूरो : सेना भर्ती को लेकर केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का विरोध तेज होता जा रहा है। अग्निपथ योजना के विरोध में आगरा के सैकड़ों युवाओं ने बृहस्पतिवार की सुबह करीब 11 बजे दिल्ली हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारी युवाओं की मांग थी कि सेना में भर्ती पुरानी प्रक्रिया के तहत कराई जाए। आगरा में बीते साल हुई सेना भर्ती की लिखित परीक्षा कराई जाए। जाम की सूचना पर पुलिस फोर्स पहुंच गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी युवाओं को समझाया। इसके बाद युवा हाईवे से हटे। हाईवे पर करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। बाह में प्रदर्शनकारी युवकों ने रोडवेज बस पर पथराव कर दिया। बस के शीशे टूट गए। इधर, दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में युवाओं ने शहर में भारतीय स्टेट बैंक तिराहे पर जाम लगा दिया। इससे एमजी रोड पर बड़ी संख्या में वाहन जाम में फंस गए।सेना भर्ती की लिखित परीक्षा नहीं होने से आक्रोशित अभ्यर्थी बृहस्पतिवार की सुबह पहले आगरा–जयपुर हाईवे स्थित लेदर पार्क में जुटे। इसकी सूचना पर तहसीलदार किरावली, थाना मलपुरा पुलिस और सीओ अछनेरा राजीव सिरोही पहुंच गए। उन्होंने युवाओं को समझा–बुझाकर शांत कर दिया। प्रदर्शनकारी युवाओं का कहना था कि 2021 में हुई सेना भर्ती के लिए अभी तक लिखित परीक्षा नहीं हुई है। सरकार अब अग्निपथ योजना ले लाई है। इस योजना के तहत युवाओं को चार साल के लिए सेना में कार्य करने का मौका मिलेगा। युवाओं ने तहसीलदार किरावली को ज्ञापन सौंपा और सेना भर्ती प्रक्रिया को पहले की तरह



कराने की मांग की। लेदर पार्क के बाद सैकड़ों की संख्या में युवा दक्षिणी बाईपास के पास पहुंच गए। यहां आगरा–दिल्ली हाईवे पर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारी युवा अग्निपथ योजना को निरस्त कर पुरानी प्रक्रिया के तहत सेना भर्ती कराने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के चलते हाईवे पर कई किमी लंबा जाम लग गया। जाम में सैकड़ों वाहन फंस गए। दोपहर करीब एक बजे जाम खुलवाया जा सका।आगरा शहर में दोपहर करीब 12 बजे बड़ी संख्या में युवाओं ने भारतीय स्टेट बैंक तिराहे पर जाम लगा दिया। इससे एमजी रोड पर बड़ी संख्या में वाहन जाम में फंस गए। सूचना पर पुलिस अधिकारी पहुंच गए। जाम खुलवाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। जाम लगा रहे युवक भाग खड़े हुए। पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया है।

## 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार : दिनदहाड़े औंछा बाईपास पर हुई मुठभेड़

मैनपुरी ब्यूरो : मैनपुरी के औंछा बाईपास मार्ग पर बृहस्पतिवार को दिनदहाड़े कोतवाली पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। करीब एक घंटा चली मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर भानू गिहार पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी पुलिस को चकमा देकर भाग गया। एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली। पकड़े गए बदमाश पर करीब 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। कोतवाली क्षेत्र के नई मंडी के सामने गिहार कालोनी निवासी भानू गिहार एक शराब माफिया है। उस पर कोतवाली में करीब 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी पर एसपी कमलेश दीक्षित की ओर से 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बृहस्पतिवार दोपहर को इंस्पेक्टर कोतवाली विक्रम सिंह को सूचना मिली कि हिस्ट्रीशीटर भानू अपने एक साथी के साथ औंछा रोड बाईपास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। बदमाशों ने पुलिस टीम पर की फायरिंग सूचना पर एसआई जैकब फर्नांडीज, एसआई अमित सिंह ने पुलिस बल के साथ बदमाशों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। बाइक सवार बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। औंछा रोड राधा नगर



तिराहा के पास भट्ठा के समीप करीब एक घंटा तक मुठभेड़ चली। मुठभेड़ में इनामी बदमाश भानू गिहार पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसका साथी वहां से भाग निकला। एसपी कमलेश दीक्षित, एएसपी मधुवन कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एसपी कमलेश दीक्षित ने बताया कि भानू गिहार एक शातिर अपराधी है। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम था। मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। भागे हुए बदमाश की तलाश की जा रही है। उसे भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाला शिक्षक बर्खास्त

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) : पिहानी विकासखंड में फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे एक शिक्षक को ने बर्खास्त कर दिया। इसके साथ ही शिक्षक के खिलाफ फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र देकर धोखाधड़ी करनेमुकदमा दर्ज कराया है। चयनित विकलांगजनों के विकलांगता प्रमाण पत्र आधार पर प्रशिक्षण पाने वाले अभ्यर्थियों के भौतिक सत्यापन मेडिकल बोर्ड द्वारा किया गया। प्रदीप कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री कृष्ण कुमार त्रिपाठी निवासी नारी खेड़ा पोस्ट राभा की नियुक्ति 2 जनवरी सन 2016 में तत्कालीन जिला शिक्षा बेसिक अधिकारी के द्वारा की गई थी। प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने विकलांगता प्रमाण पत्र आरक्षण से नौकरी पाई थी, जिसमें 55 परसेंट विकलांगता सीएमओ सीतापुर के द्वारा दिखाई गई थी। कई लोगों ने प्रदीप त्रिपाठी की शिक्षक नियुक्ति पर आपत्ति जताई। शिकायत व आपत्ति होने पर विकलांगता की जांच हरदोई सीएमओ के द्वारा कराई गई तो प्रदीप त्रिपाठी की विकलांगता मात्र 9 परसेंट अंकित की गई। इस प्रकरण में कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय टीम का गठन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 22 मई सन 2022 को प्रदीप कुमार त्रिपाठी को नियुक्ति निरस्त कर शिक्षक पद से कार्यमुक्त करते हुए उनके खिलाफ वसूली और सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश खंड शिक्षा को दिया। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर पिहानी पुलिस ने फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र के आरोप में प्रदीप कुमार त्रिपाठी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

## व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : आज दिनांक 16 जून समय 12.30 बजे पुलिस लाइन जौनपुर में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय कुमार के अध्यक्षता में व्यापार मंडल/सर्राफा व्यापारी/बैंक मित्र/उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई जिसमें जौनपुर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित रहे जिसमें यातायात, व्यापारी सुरक्षा को लेकर कई चर्चाएं हुई अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ संजय कुमार ने सभी व्यापारियों और उद्योगपतियों से निवेदन किया कि आप लोग निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें,ज्यादा रुपया होने पर बैंक जाने के लिए सुरक्षा की आवश्यकता होगी पुलिस विभाग आपको संपूर्ण सुरक्षा प्रदान करेगा आपको सिर्फ अपने एरिया के पुलिस चौकी पर फोन कर सूचना देनी होगी, नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने सभी बड़े व्यापारियों को सुरक्षा हेतु सीसी कैमरा लगाने का निवेदन किया साथ में ट्रैफिक जाम



पर चर्चा हुई बैठक में सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अमर जौहरी ने खराब सीसी कैमरा पर ध्यान दिलाने की बात कही नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल, नगर उपाध्यक्ष संतोष साहू बच्चा जी, मीडिया प्रभारी नगर सुरेश कुमार शर्मा एवं डीके अग्रहरि, नगर महामंत्री मनोज कुमार साहू, नगर कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा साइबर क्राइम ओम प्रकाश जायसवाल पेट्रोलियम एसोसिएशन से प्रेम नारायण जायसवाल, जय सिंह गहलोत, विजय अग्रहरी, गुलजारी लाल साहू, मुन्ना लाल अग्रहरि, यशवंत साहू आदि व्यापारी बंधु उपस्थित रहे!

# जिलाधिकारी ने सीएचओ लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को बेलांव मुफ्तीगंज की कम्युनिटी हेल्थ आफिसर (सीएचओ) कविता यादव को लैपटॉप दिया। इस तरह जिले में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ को लैपटाप वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शेष 185 सीएचओ को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह आज (गुरुवार) को वितरित करेंगी। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि लैपटॉप की मदद से सीएचओ को गैर संचारी रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग का डेटा एनसीडी पोर्टल पर अपलोड करने में सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही सीएचओ के कार्य में पारदर्शिता आएगी और उच्च स्तरीय चिकित्सा इकाई पर संदर्भन की स्थिति में विशेषज्ञ चिकित्सक मरीज के स्वास्थ्य से संबंधित सूचनाएं आनलाइन देख सकेंगे। इससे मरीजों की काउंसलिंग करने तथा डायग्नोस्टिक करने में सुविधा मिलेगी। सीएमओ डॉ० लक्ष्मी सिंह ने बताया कि लैपटॉप के माध्यम से सीएचओ अपनी दैनिकध्मासिक रिपोर्ट तथा एनसीडी स्क्रीनिंग को पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। यह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता लाने में मददगार होगी। उन्होंने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनपद में संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है। इसका उद्देश्य लोगों को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इन



हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 14 प्रकार की निःशुल्क जांचें तथा निम्न सेवाएं लोगों को सीएचओ के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं। जो इस प्रकार हैं। 1–गर्भावस्था एवं प्रसव संबंधित सेवाएं 2–नवजात एवं शिशु से संबंधित सेवाएं 3–बाल्यकाल एवं किशोरावस्था से संबंधित सेवाएं 4–परिवार नियोजन सेवाएं 5–प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात सेवाएं 6–टीकाकरण तथा गैर–संचारी रोगों की स्क्रीनिंग सहित 14 प्रकार की सेवाएं मुख्य रूप से हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आने वालों जिनकी उम्र 30 वर्ष से अधिक है, उनमें गैर–संचारी रोगों मुख्यतः हाईपरटेंशन, शुगर, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की जाती है। स्क्रीनिंग के लिए सभी सीएचओ को फैमिली फोल्डर उपलब्ध कराया गया है। इसमें परिवारों की स्वास्थ्य संबंधी सूचनाएं एकत्र कर सीएचओ भरते हैं। यदि किसी में बीमारी के लक्षण या बीमारी है तो उसे सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संदर्भित कर विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच कराई जाती है। इसके बाद आवश्यकतानुसार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर दवाएं उपलब्ध करा दी जाती हैं। कार्यक्रम में समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में दो पक्षों में चले लाठी डंडे : पुलिस ने चार को लिया हिरासत में भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के सम्मोपुर कला गांव में गुरुवार को दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडे चले। जिसमे मौके पर पहुची पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर चालान कर जेल भेज दिया। बता दें कि जफराबाद थाना क्षेत्र के सम्मोपुर कला गांव निवासी सभाजीत व जालिम में वर्षो पुराना भूमि विवाद चल रहा है। आरोप है कि इसी भूमि विवाद को लेकर गुरुवार को दोपहर में दोनो पक्ष आपस मे भीड़ गए। दोनो तरफ से लाठी डंडे चलने लगे। गांव के ही किसी एक व्यक्ति ने लाठी डंडे चलने व मारपीट होने की सूचना पुलिस को दे दिया। जिस पर मौके पर पहुची पुलिस ने एक पक्ष से सभाजीत, अजय कुमार व दूसरे पक्ष से जालिम और मोहन को हिरासत में ले लिया। इस मारपीट के बारे में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष जफराबाद राजाराम द्विवेदी ने बताया कि भूमि विवाद हुआ था। पुलिस मौके पर पहुच गयी थी। दोनों पक्षो से चार लोगों का चालान कर जेल भेज दिया गया था।

# रोहित यादव के राष्ट्रमंडल खेल व विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई करने पर लोगो मे खुशी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर जनपद के मीरगंज के अदारी डभिया निवासी जेवलिंग थ्रोवर रोहित यादव के राष्टमंडल खोल व विश्व चौम्पियनशिप मे भाला फेक स्पर्धा मे क्वालिफाई करने पर गाँव मे खुशी का माहौल है उसके चाहने वाले लोगो मे खुशी का माहौल है। बता दे 11 जून 2022 को चेन्नई मे खेली गयी इण्टर स्टेट चौम्पियनशिप मे रोहित ने 82.54 मीटर भाला फेक कर रजत पदक के साथ 28 जुलाई से 8 अगस्त तक इग्लैंड मे खेली जा रही राष्टमंडल प्रतियोगिता क्वालिफाई कर लिया है जबकी जेवलिंग थ्रोवर मे उसकी विश्व रैंकिंग 22वी होने की वजह से उसे 15 से 24 जुलाई तक अमेरिका मे खेले जा रहे विश्व चौम्पियनशिप मे भी खेलने का अहर्ता मिल गयी है उसके दोनो प्रतियोगिता मे क्वालिफाई होने पर गाँव मे खुशी का माहौल है उसके शुभचिंतक उसके पिता सभा जीत यादव को फोन पर बधाई दे रहे है रोहित को भी लोग बधाई दे रहे हैं। मीरगंज के अदारी डभिया निवासी मैराथन धावक सभाजीत यैदव का दुसरे नम्बर का पुत्र रोहित उस समय सुर्खियों मे आया था जब वह 2015 मे विश्व स्कूल गेम चौम्पियनशिप मे तुर्की मे स्वर्ण पदक जीता था इसके बाद उसने पीछे मुड कर नही देखा दिन प्रतिदिन वह नया आयाम स्थापित करता रहा इसीलिए यूपी सरकार उसे पुरस्कृत भी कर चुकी है उसकी इसी सफलता को देखते हुए बरेका वाराणसी ने वरिष्ठ लिपक के पद पर 2020 मे नौकरी भी दे दी। जिसके बाद उसके खेलो मे और निखार आया। काफी शान्त रहने वाला रोहित यादव सिर्फ अपने खेलो पर ध्यान देता है। इस समय वह पटीयाल मे प्रैक्टिस कर रहा है जब गाँव आता है तो वहा भी प्रैक्टिस मे जुटा रहता है अगल बगल की बाजारो मे कम ही घुमते दिखता है। रोहित यादव ने अमर उजाला से बातचीत मे कहा की यह उसके लिए गौरव की बात है उसका सपना ओलम्पिक खेलना है पर राष्टमंडल व विश्व चौम्पियनशिप मे भी उसे पदक जीतने की उम्मीद है उसका कहना है वह अपने चाहने वालो को निराश नही करेगा पूरा जान लगा देगा।

## राज्य सूचना आयोग ने एसडीएम पर लगाया 25 हजार रुपए का अर्थदंड

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप जिलाधिकारी, जन सूचना अधिकारी नीतीश कुमार पर राज्य सूचना आयोग ने 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। एसडीएम पर यह कार्रवाई शिकायतकर्ता को 30 दिन की समयावधि की बजाय 19 महीने में सूचना उपलब्ध कराने और आयोग द्वारा तलब होने की नोटिस के बावजूद पेश नहीं होने पर की है। आयोग ने जिलाधिकारी जौनपुर को पत्र जारी कर जुर्माने की राशि वसूलकर राज्य के कोष में जमा कराने को कहा है। जानकारी के मुताबिक कस्बा निवासी प्रशांत अग्रहरि के पिता शिवकुमार सरकारी राशन की दुकान चलाते थे। आपूर्ति विभाग ने किन्ही कारणों के चलते उनसे दुकान वापस ले ली। प्रशांत ने इसी सिलसिले में एसडीएम से 20 जनवरी 2020 को सूचना के अधिकार के तहत सूचनाएं मांगी थी लेकिन एसडीएम ने उन्हें निर्धारित अवधि के भीतर सूचना उपलब्ध नहीं कराए। प्रशांत ने पांच मार्च 2020 को इसकी शिकायत राज्य सूचना आयोग से की। आयोग ने एसडीएम को नोटिस भेजा। जवाब में आयोग को बताया गया कि शिकायतकर्ता को 13 सितंबर 2021 को सूचना उपलब्ध करा दी गई। करीब 19 महीने में सूचना उपलब्ध कराने को आयोग ने जान–बूझकर की गई देरी माना। 14 मार्च 2022 को आयोग ने एसडीएम को नोटिस जारी कर उपस्थित होकर जवाब के साथ प्रस्तुत करने को कहा। लेकिन पांच अप्रैल को सुनवाई में एसडीएम की बजाय उनका पक्ष लेकर पूर्ति लिपिक कुंवर अभय प्रताप सिंह उपस्थित हुए। पहले देरी से सूचना देने और फिर तलब करने पर भी पेश नहीं होने को राज्य सूचना आयुक्त अतुल कुमार उप्रेती ने गंभीरता से लिया। उन्होंने एसडीएम नीतीश कुमार सिंह को देरी से सूचना देने और मौका देने के बाद भी आयोग की नोटिस को नजरअंदाज करने का आरोपी पाते हुए धारा 20 (1) के तहत 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। सूचना आयोग द्वारा उक्त अर्थदंड की वसूली तीन माह के भीतर करने संबंधी नोटिस राज्य के प्रमुख सचिव वित्त एवं राजस्व और वरिष्ठ कोषाधिकारी समेत जिलाधिकारी को भेज दी गई है। मामले में उप जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आपूर्ति अधिकारी द्वारा कागजात के रखरखाव में लापरवाही के कारण विलम्ब होने से आयोग ने कार्रवाई की।

## राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दिकपुर में 21 जून को होगा रोजगार मेला का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दिकपुर जौनपुर के कैम्पस में 21 जून 2022 को न्यू ऐलन बेरी वर्क्स फरीदाबाद, ए.के. आटोमेशन इण्डस्ट्रीज रोहतक, जे.एन.एस. इन्स्ट्रूमेण्टस गुजरात, बेस्ट कोकी आटोमोटिव्स हरियाणा द्वारा कैम्पस सेलेक्शन किया जा रहा है जिसमें 10 वीं प्लास आई0टी0आई0 (सभी ट्रेड) व गैर तकनीकी अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 32 वर्ष हो जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं वे अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र, छायाप्रति, फोटो, आधार कार्ड व बायोडाटा बैंक पास बुक इत्यादि के साथ समय प्रातः 10.00 बजे राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दीकपुर, जौनपुर के कैम्पस में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

## अशांति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीते दो बार से जुमे की नमाज के बाद प्रदेश के कई शहरों में हुए बवाल के चलते प्रशासनिक अधिकारियों ने गुरुवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक की। एसडीएम नीतीश कुमार, क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार ने लोगों से क्षेत्र में अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों की जानकारी प्रशासन को तत्काल देने की अपील की। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आपत्तिजनक पोस्ट करके गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश करने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। एसडीएम ने बैठक में आए गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में आपसी भाईचारा कायम करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मुस्लिमों से अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्वक जुमा की नमाज अदा करके अपने घरों को जाएं और किसी के बहकावे में आकर किसी तरह के प्रदर्शन या जमावड़े का हिस्सा न बनें। क्षेत्राधिकारी अंकित कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आपत्तिजनक पोस्ट को साझा करने से बचें। ताकि आपसी सौहार्द को ठेस न पहुंचे। बैठक में मौजूद जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद साकिब ने सभी मुसलमानों से शांति के साथ जुमा की नमाज अदा करने और किसी भी प्रकार की अफवाह से दूर रहने की अपील की। मौलाना ने कहा कि उन्हें संविधान पर पूरा भरोसा है। सभी का फर्ज है कि भाईचारा कायम रखा जाए। बैठक में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्या, उप निरीक्षक इसरार खान, विजय सिंह गौड़ समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में मारपीट : आधा दर्जन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के कलापुर गांव में गुरुवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार गांव में वृहस्पतिवार को विवादित जमीन पर एक पक्ष मिट्टी गिरवा रहा था। दूसरे पक्ष ने विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में जम कर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से दिलीप , रमेश , चांदनी पुत्री रामनरेश, सुनीता पत्नी रामनरेश तथा दूसरे पक्ष से अखिलेश, संतलाल घायल हो गए। घायलों का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर कराया गया ।गंभीर रूप से घायल अखलेश, संतलाल और सुनीता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की दोनो पक्षों से तहरीर लेकर विधिक कारवाई की जा रही है।

# चोरों आभूषण की दुकान व मिनी बैंक शाखा को बनाया निशाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भगमलपुर के रामपुर तिराहे पर स्थित एक आभूषण की दुकान और उसके बगल संचालित मिनी बैंक शाखा को बुधवार की रात चोरों ने निशाना बना दिया। पूरी सीसी टीवी में कैद है। शटर चाड़ कर भीतर घुसे दो की संख्या में चोर एक लाख से अधिक नकदी और लैपटॉप उठा ले गए। मौके पर पहुँची पुलिस घटना की छानबीन में लगी हुई है। भगमलपुर गाँव निवासी उमेश कुमार सेठ की उक्त तिराहे पर सोने चाँदी के आभूषणो की दुकान वर्षो से संचालित है। रोज की तरह बुधवार की शाम उमेश अपनी दुकान बंद कर लगभग एक किमी दूर अपने घर चला गया। दूसरे दिन सुबह उसकी दुकान का शटर उठा देख बगल के दुकानदारों ने उसे फोन किया। वह भागता हुआ दुकान पर पहुंच शटर उठा कर भीतर घुसा तो उसके पैरो तले जमीन खिसक गई। गल्ला खुला पड़ा था। उसमें रखा एक लाख नकदी गायब था। यहां घटना को अंजाम देने के बाद चोर बगल स्थित मिनी बैंक शाखा पर पहुंच गये। यहां भी उसी तरह शटर चांड़ कर एक हजार तीन सौ नकद व एक लैपटॉप चोर उठा ले गए। मिनी बैंक संचालक लवायन गांव निवासी मंगलेश व उमेश सेठ ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अलग अलग तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव ने बताया कि सीसी टीवी फुटेज के आधार पर चोरों की शिनाखध्त जल्द ही कर ली जायेगी।

## अज्ञात कारणों से लगी आग : जली पार्लर की दुकान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र तारा पार्लर और सिलाई की दुकान में संदिग्ध हालातो में आग लग जाने से फर्नीचर समेत लाखों का समान जल कर स्वाहा हो गया जब तक आग बुझाई जाती सब कुछ जल चुका था उमरी गांव की रहने वाली प्रियंका मौर्या का तारा बाजार में व्यूटी पार्लर की दुकान कई सालों से चला रही है बीती शाम वह प्रति दिन की तरह दुकान बंद कर के अपने घर चली गई बृहस्पतिवार की सुबह लोगो ने दुकान से लपट निकलती देखी इसकी सूचना प्रियंका को दी तब तक सब कुछ जल कर खत्म हो चुका था।

## मां ने पुत्री के साथ दुराचार करने का लगाया आरोप : सुरेरी थाने में दी तहरीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक मां ने गुरुवार की दोपहर सुरेरी थाने पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के एक युवक द्वारा बीते बुधवार की देर रात लगभग आठ बजे उसकी पुत्री को जबरदस्ती उठाकर खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। पीड़ित परिजनों की माने तो जब युवती की खोजबीन की जा रही थी तो पीड़ित युवती व आरोपीत युवक घर से कुछ दूर पर एक सुनसान स्थान पर देखे गए। वही पीड़ित परिजनों को देखते ही आरोपीत युवक वहां से भाग खड़ा हुआ। परिजनों के पहुचने के बाद पीड़ित युवती ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। वही पीड़ित परिजनों ने घटना की सूचना 112 नंबर पर दी,सूचना पर मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस आवश्यक पूछताछ कर वापस थाने लौट आई। गुरुवार की दोपहर पीड़ित युवती अपने मां के साथ सुरेरी थाने पर पहुंचकर लिखित तहरीर दी है। वही तहरीर के आधार पर सुरेरी पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी श्री प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बिना ओटीपी या पिन बताए चूना लगा रहे साइबर ठग

मेरठ ब्यूरो : साइबर अपराधी बैंक खातों में सेंधमारी के लिए नए–नए तरीके अपना रहे हैं। साइबर ठग लोगों को फोन कर दूरसंचार कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए पूछते हैं कि आपके नेटवर्क में किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं आ रही है। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने बताया कि इसके बाद साइबर अपराधी भरोसा देते हैं कि उन्हें ओटीपी या पिन बताने की आवश्यकता नहीं है। जिन उपभोक्ताओं द्वारा खराब नेटवर्क की समस्या बताई जाती है उन्हें एक स्पेशल कोड डायल करने के लिए कहा जाता है। स्पेशल कोड डायल करते ही उपयोगकर्ता की सभी कॉल साइबर ठगों के नंबर पर डायवर्ट हो जाती हैं। इससे साइबर ठग संबंधित व्यक्ति के व्हॉट्सएप को अपने फोन में लॉगिन करके परिचितों से पैसे मांगते हैं। ठग ऐसे करते हैं व्हॉट्सएप हैक व्हाट्सएप अकाउंट को वेरिफाई करने के लिए दो विकल्प होते हैं। एक ओटीपी और दूसरा कॉल। चूंकि सभी कॉल साइबर ठग के मोबाइल नंबर पर डायवर्ट रहती हैं इसलिए साइबर ठग कॉल विकल्प को चुनता है। वह दूसरे के व्हाट्सएप को अपने फोन में लॉग कर लेता है।

## बरसठी क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद :देशी शराब की दुकान का ताला काटकर चोरों ने नगदी समेत उड़ाए 7 शराब की पेटी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के निगोह बाजार के सरकारी देशी शराब की दुकान का ताला काटकर चोर 15 हजार रुपये नगद व 7 पेटी शराब उठा ले गये ।सुबह जानकारी होने पर दुकान मालिक राजेन्द्र यादव ने पुलिस को चोरी की सूचना दी। इस चोरी की घटना से आसपास के लोग भी दहशत में है ।चोरी गए शराब की कीमत करीब 24 हजार रुपये बतायी जा रही है। निगोह बाजार में सरकारी देशी शराब की दुकान है,रात में दुकान बंद कर सेल्समैन रमाकांत गिरी दुकान के बाहर सोया था ।रात में चोर कटर से दुकान में लगा ताला काटकर बिक्री का 15 हजार रुपया व 7 पेटी शराब चोर उठा ले गये ।सुबह सेल्समैन उठा तो देखा कि दुकान का ताला कटा है, अंदर जाकर देखा तो चोरी की जानकारी हुई ।उसने दुकान मालिक को चोरी की जानकारी दी ।दुकान मालिक घटना की सूचना थाने पर पहुँचकर पुलिस को दिया है ।इस समय बरसठी क्षेत्र में चोरी की घटना बढ़ गयी है ।दो दिन पूर्व गोपालपुर गांव में महिला की पिटाई कर चोर दो बकरा गाड़ी पर लाद कर उठा ले गये थे ।पुलिस उसका पता नही लगा सकी थी कि रात में चोर शराब की दुकान को निशाना बना लिया ।लोगों की माने तो रात में पुलिस गश्त के नाम पर शून्य है ।इसके अलावा 112 नम्बर पुलिस की गाड़ी भी रात में कही नही दिखती है ।पुलिस गश्त न होने के कारण चोरो के हौसले बुलंद है।

## 3 दिन से लापता वृद्ध का कुएं में मिला शव : मचा हड़कम्प

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के भुभुवार गांव में गुरुवार को 3 दिन से लापता वृद्ध का शव घर से आधा किलोमीटर दूर स्थित एक खेत के कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। शव को लेकर गांव में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही है जबकि परिजन दिमागी हालत ठीक नहीं होना बता रहे है। भुभुवार गांव निवासी माता शरण यादव 65 वर्ष सोमवार की रात घर से लापता हो गए थे। परिजनों ने वृद्धि की आस पास एवं नाते रिश्तेदारों में काफी खोजबीन किया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल रहा था। गुरुवार की सुबह घर से पचास मीटर दूरी पर गांव के कुछ लोगों ने खेत की तरफ अपनी जानवरों को चलाने के लिए ले गए थे। खेत में स्थित कुआं में दुर्गंध उठ रहा था जिसके कारण चरवाहों ने कोई जानवर मरा होने के कारण कुएं में झांक कर देखा तो किसी इंसान का शव होना दिखाई पड़ा अंदर अंधेरा होने के कारण चरवाहों ने इस बात को गांव वालों को बताया लोग कुएं के पास जुटने लगे। देखते ही देखते वहां आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने आशंका बस मड़ियाहूं कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि कुंए में किसी अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। सूचना पर दोपहर पहुंची मड़ियाहूं पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया और मृतक की शिनाख्त माता शरण यादव 65 के रूप में हुई। इस तरह माता शरण का शव मिलने से तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। लेकिन परिजनों ने बताया कि उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। किस तरह वह कुएं के पास पहुंच गए और उनकी गिरकर मौत हो गई होगी फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मामले में कोतवाल किशोर कुमार चौबे ने बताया कि वृद्ध की मौत कुएं में गिरकर होना मालूम पड़ता है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम आने के बाद ही और आगे की जानकारी मिल पाएगी।

# उच्चतम कोटि की चिकित्सा और साधना पद्धति है योग – मनीष कुमार वर्मा जिलाधिकारी,जौनपुर

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा तीव्र कर दी गई हैं जिसके अन्तर्गत प्रतिदिन अलग–अलग स्थलों पर जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रातः योगाभ्यास को करते हुए आम जनमानस की सहभागिता को सुनिश्चित किया जा रहा है। अमृत योग सप्ताह के तीसरे दिन शाही किला जौनपुर में योग शिविर का आयोजन किया गया। शाही किला में योगाभ्यास के समय प्रतिभाग करते हुए लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि योग को महाअभियान का स्वरूप देकर योग जन जन तक पहुंचानें की आवश्यकता है जिसमें समाज के व्यावसायिक और नौकरी पेशा वालों के साथ समाजसेवियों की महति भूमिका है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की योग हमारी प्राचीनतम सांस्कृतिक विरासत है जो उच्चतम कोटि की चिकित्सा पद्धति के साथ उच्चतम कोटि की साधना पद्धति भी है। जिसके नियमित और निरन्तर अभ्यासों को करके व्यक्ति अपने स्वास्थ्य को सर्वोत्तम बना सकता है। जिलाधिकारी ने सभी लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि प्रत्येक घर को योग से जोड़ा जाए जिसका फायदा प्रत्येक व्यक्ति एवं समाज को मिलेगा और एक स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि 21 जून को हर्षोल्लास के साथ योगा दिवस मनाया जाए। पतंजलि योग




समिति के प्रान्तीय सह प्रभारी अचल हरीमूर्ति के द्वारा योग के क्रियात्मक और सैद्धांतिक पक्षों का प्रशिक्षण देते हुए बताया गया की मानव के सर्वोत्तम स्वास्थ्य के लिए योग एक प्राकृतिक वरदान है। नाड़ी शोधन के साथ जब भी भ्रामरी और उदगगीथ प्राणायामों का अभ्यास किया जाता है तब शरीर के भीतर लाखों नस और नाड़ियों की बेहतर सफाई होती है जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण शरीर में रक्त और प्राणवायु का प्रवाह बहुत ही सुगमतापूर्वक होनें लगता है। इस अवसर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर कमल उपस्थित रहे। इसी क्रम में उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर, उत्सव वाटिका शाहगंज, सूरज घाट पंच हटिया, पुलिस लाइन, लोहिया पार्क, पॉलिटेक्निक, देवचंदपुर एवं जनपद में संचालित हेल्थ वेलनेस केंद्रों पर योग शिविर का आयोजन किया गया।

# बिहार में बवाल और आगजनी से रेल परिचालन बाधित : वाराणसी–पीडीडीयू नगर आने वाली कई ट्रेनें रोकी गईं

वाराणसी ब्यूरो : भारतीय सेना में भर्ती के नए प्रारूप अग्निपथ योजना के विरोध में गुरुवार को बिहार में युवाओं ने उग्र प्रदर्शन किया। भभुआ स्टेशन पर पटना–इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगा दी। वहीं आरा रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस में तोड़फोड़ की गई। यहीं नहीं युवाओं ने रेल रूट बाधित कर दिया। उपद्रव के कारण पीडीडीयू नगर–गया रेल रूट पर दिन में 11.40 से डेढ़ बजे तक परिचालन बाधित रहा। वाराणसी–पीडीडीयू नगर आने वाली कई ट्रेनों को रोकी दिया गया। ट्रेनें जहां–तहां खड़ी रहीं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाराणसी से होकर जाने वाली रौनी–गोंदिया एक्सप्रेस छपरा स्टेशन पर और दिल्ली जाने वाली लिच्छवी एक्सप्रेस को भटनी स्टेशन पर रोक कर रखा गया। हंगामे के कारण पटना–पीडीडीयू पैसेंजर को रद्द किया गया। हालांकि शाम साढ़े तीन बजे रूट क्लीयर हुआ और ट्रेनों का आवागमन बहाल हुआ। वाराणसी स्टेशन, पीडीडीयू नगर जंक्शन और पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल से आरपीएफ और जीआरपी को हाई अलर्ट किया गया है। अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे छात्रों ने पीडीडीयू नगर–गया रेल रूट पर भभुआ रोड स्टेशन पर खड़ी पटना इंटरसिटी में सुबह 11 बजकर 40 मिनट पर आग लगा दी। वहीं स्टेशन पर तोड़फोड़ की। इससे यह रूट बाधित हो गया। इस कारण डाउन की ओर जाने वाली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ट्रेन दुर्गावती स्टेशन पर खड़ी



हो गई। डेढ़ बजे रूट खुलने पर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इसी तरह पटना रूट बाधित होने की वजह से मगध एक्सप्रेस दिलदारनगर में, श्रमजीवी एक्सप्रेस आरा में, अहमदाबाद–बरौनी एक्सप्रेस लगभग डेढ़ घंटे स्थानीय स्टेशन पर खड़ी रही। वहीं नई दिल्ली–गुवाहाटी पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, दानापुर–सिकंदराबाद एक्सप्रेस, पाटलीपुत्र–लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, मुंबई–आसनसोल एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल, इंदौर पटना एक्सप्रेस जहां तहां खड़ी रहीं। ट्रेनों के न चलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री रेल प्रशासन के कोसते नजर आए ।पीडीडीयू नगर रेल मंडल में सतर्कता बढ़ा दी गई। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त आशीष मिश्र ने स्वयं इसकी कमान संभाली है। पीडीडीयू स्टेशन पर दिन भर आरपीएफ और जीआरपी के जवान गश्त करते रहे।

# पीड़ित के मुताबिक पुलिस की निष्क्रियता के चलते हुई मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पीड़ित के मुताबिक जिले के हैरिग्टनगंज चौकी अंतर्गत ग्रामसभा रेवना में बाग से रास्ते के विवाद के चलते दबंगों ने महिला को बर्बरता पूर्वक पीटते हुए लहूलुहान कर दिया।इस हमले में घायल महिला के पति की तहरीर पर इनायत नगर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।हालांकि समूचे घटनाक्रम में चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज की लापरवाही एवं शिकायतों के बावजूद भी उदासीनता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित के मुताबिक बताते चलें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज चौकी क्षेत्र स्थित रेवना निवासी संजय सिंह एवं दल बहादुर सिंह के बीच भाग–1 से होकर गुजरने वाले रास्ते का विवाद था जिसको लेकर संजय सिंह ने चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज उपनिरीक्षक यशवंत द्विवेदी से कई बार शिकायत की थी और अपने परिवारी जनों के ऊपर हमला किए जाने की आशंका भी जाहिर की थी किंतु पीड़ित संजय से की शिकायत के बावजूद भी चौकी प्रभारी नहीं कहते और दबंगों के हौसले बुलंद हो गए।संजय सिंह ने इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक को दी गई।तहरीर में आरोप लगाया कि बीते 14 जून प्रातः करीब 8:15 बजे दल बहादुर सिंह रण बहादुर सिंह पुत्रगण छैल बिहारी सिंह शुभम सिंह उर्फ नागोरा सिंह आदर्श सिंह पुत्र बहादुर सिंह बीना सिंह पत्नी रन बहादुर सिंह उनके दरवाजे पर चढ़ आए थे और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे जब घर में मौजूद उनकी पत्नी अर्चना सिंह ने विरोध जताया तब उपरोक्त लोगों ने घर में घुसकर उनकी पत्नी को घसीटते हुए बाहर मारते ले आए और जब उनकी पत्नी ने गुहार लगाकर भागना चाहता उपरोक्त लोगों ने घेराबंदी करके उनकी पत्नी को लाठी–डंडों और धारदार हथियार से बुरी तरीके से मार डालने की नियत से सिर में चाकू मार दिया जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर पड़ी और बेहोश हो गई। उपरोक्त हमलावर उनकी पत्नी को मृत समझ कर मौके से भाग निकले। यही नहीं इससे भी जी नहीं भरा



तो हमलावरों ने 8 फीट की ऊंची लंबी दीवार को गिरा दिया और रास्ते को बंद करने की नियत से अवैध कबजा भी करने लगे।वही पीड़ित की शिकायत पर इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 147, 452, 323, 354, 504, 324, 427 एवं 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।हालांकि पुलिस अभी किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।वही पीड़ित संजय सिंह का आरोप है कि हैरिगटनगंज चौकी पुलिस से शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्यवाई नहीं हो सकी। हमले के बाद भी चौकी इंचार्ज को पीड़िता के पति संजय सिंह द्वारा चौकी इंचार्ज को कई बार फोन करने के बाद भी कहा गया दो सिपाहियों को भेज दिया गया है। संजय का आरोप है कोई भी सिपाही घटना के बाद भी मौके पर नही पंहुचा। फिलहाल हमले में घायल महिला गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया जहां अस्पताल के डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख घायल महिला को लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है। फिलहाल प्रश्न जरूर उठता है कि पुलिस की कार्यशैली पर, आखिर पहले से हमले व हत्या की सूचना पर हैरिंगटनगंज चौकी पुलिस क्यों नहीं सक्रिय हुई। हमले के बाद भी आखिर स्वयं क्यों नही मौके पर पहुंची।यही नहीं सबसे अहम पहलू तो यह रहा कि चौकी प्रभारी किस कारण से हमले के तत्काल बाद 5 दिनों की लंबी छुट्टी पर चले गए।

# कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे ने राम नगरी अयोध्या पहुँचकर किया हनुमानजी व रामलला का दर्शन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र व कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे बुधवार को अयोध्या पहुंचे।हालांकि उन्होंने साफ कह दिया कि हमारे दौरे को राजनीति से न जोड़ा जाए, लेकिन उनके बयानों से स्पष्ट संकेत मिलता है वह महाराष्ट्र में हिन्दू वोटर को आकर्षित करने के लिए यहां पहुंचे थे।उन्होंने कहा कि 2018 में हमने ये नारा दिया था कि पहले मन्दिर फिर सरकार। उसके बाद ही मन्दिर बनना शुरू हुआ है। साथ ही उन्होंने अयोध्या में महाराष्ट्र सदन के निर्माण की भी मांग की।आदित्य दोपहर 12 बजे के बाद अयोध्या पहुंचे। वह सबसे पहले रामनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में दर्शन पूजन करने पहुंचे। यहां भोजन करने के बाद देवकाली स्थित एक पैलेस में पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या भारत की आस्था से जुड़ी हुई है। 2018 में हमने ये नारा दिया था कि पहले मंदिर फिर सरकार। इसके बाद मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हुआ।फिलहाल अयोध्या में कोर्ट के आदेश के बाद मंदिर बनना शुरू हो गया है। यह हिंदुओ की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम हनुमान जी और रामलला से प्रार्थना करेंगे कि हमारे हाथों से लोगों की अच्छी सेवा हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम अयोध्या में



महाराष्ट्र सदन की जगह के लिए मुख्यमंत्री योगी से भी बात करेंगे। आदित्य ने कहा कि चुनाव में हम जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं।अयोध्या में हम भक्त बनकर आये हैं। यहां के साधु–संतों से भी हमे आशीर्वाद मिला है। राम के साथ अयोध्या के सभी लोगो से हमारा नाता है। हम यहाँ इसलिए दर्शन करने आये है कि हमारे हाथों से अच्छी सेवा हो। उन्होंने ईडी की राहुल से पूछताछ पर कहा कि आज सभी केंद्रीय एजेंसियां प्रचार साहित्य बन गई हैं।इसके बाद उन्होंने हनुमानगढ़ी में बजरंगबली का आशीर्वाद लिया। रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद मां सरयू की सायंकालीन आरती भी की। इस दौरान शिवसेना सांसद संजय राउत व महाराष्ट्र सरकार के कई मंत्री व सांसद भी मौजूद रहे।

# आसमान से बरस रही आग : ऊपर से बिजली कटौती कर रही घी का काम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय भीषण गर्मी से बेचैन ग्रामीणों व किसानों की नजरें सिर्फ मानसून की ओर टिकी हैं।सुबह से ही तपिश व लू से लोगों की त्वचा झुलस रही है।सबसे अधिक मेहनत मजदूरी करने वाले लोग परेशान नजर आ रहे हैं। दोपहर में सड़कों पर व गांवों व बागों में ढलते सूर्य की रोशनी तक सन्नाटा पसरा रहता है। तापमान भी कम होता नहीं दिख रहा है।किसान फसलों व धान की नर्सरी में पानी लगाते–लगाते परेशान हैं। प्रत्येक दो दिन बाद फसलें मुरझाने लगती हैं। जून माह में तापमान 43 डिग्री से ऊपर रह रहा है। विद्युत की अघोषित कटौती के चलते कूलर, पंखा भी भीषण गर्मी से राहत नहीं दे रहे हैं।वही लोग पेड़ों के छाव में बैठकर समय बिता रहे हैं। धूप से राहत पाने के लिए राहगीर पेड़ व आसपास के घरों के पास खड़े होने को मजबूर हैं। सुबह के 9 बजते ही सड़कों पर चहलकदमी कम हो जा रही। वाहन सवार भी अंगोछा, हेलमेट व हाथों में दस्ताने पहनकर ही निकल रहे। बिना शरीर को ढके दिन में घर से बाहर निकलना खतरे से खाली भी नहीं है। गर्मी से सिर्फ बारिश व नम हवा ही राहत दे सकती है। सबसे बड़ी परेशानी कुमारगंज से अयोध्या जाने वालों को हो रही है, जिस पर सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है, देखा जाए तो जगदीशपुर से अयोध्या तक कहीं भी पेड़ का छांव नसीब नहीं हो रहा है।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्रा के अनुसार आज का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री, न्यूनतम 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने एवं वर्षा होने की संभावना है। वर्षा होने के बाद तापमान में गिरावट भी आ जाएगी जिसका लाभ मानव समय पशु पक्षियों को भी मिलेगा।

# राजकीय हाई स्कूल के उच्चीकरण के लिए जगी आस : सांसद रितेश पांडेय ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री को भेजा पत्र

अयोध्या ब्यूरो : विकासखंड क्षेत्र के पूरे नंदा तिवारी असकरन पुर गांव में वर्षों से संचालित राजकीय हाई स्कूल के उच्चीकरण की मांग जोर पकड़ रही है। गांव निवासी प्रधान आशा देवी, सहायक प्रोफेसर विनोद कुमार शुक्ला, अजय तिवारी, हरिओम तिवारी, उदय तिवारी सहित ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधियों से बरसों से राजकीय हाई स्कूल का उच्ची करण किए जाने की मांग अब रंग ला रही है। अंबेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश को पत्र लिखकर राजकीय हाई स्कूल का उच्चीकरण करके इंटर तक कक्षाएं संचालित किए जाने की मांग की है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री को भेजे गए पत्र में सांसद रितेश पांडेय द्वारा बताया गया है कि उनके अंबेडकर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के पूरे नंदा तिवारी असकरन पुर गांव में संचालित राजकीय हाई स्कूल का इंटरमीडिएट तक उच्ची करण किया जाना चाहिए। बताया कि विद्यालय में कक्षा 9 एवं कक्षा 10 तक कक्षाएं संचालित हो रही है हाई स्कूल के बाद इंटर में प्रवेश लेने के लिए बच्चों को दूर–दूर तक इधर–उधर भटकना पड़ता है। सांसद रितेश पांडे द्वारा शुरू की गई पहल की ग्रामीणों द्वारा सराहना की गई है।

# शौक इलाही रहमतुल्लाह अलैह का एक दिवसीय उर्स सम्पन्न

अयोध्या ब्यूरो : रूदौली तहसील क्षेत्र के रौजागॉव आलियाबाद मार्ग स्थित ग्राम सीवन में शौक इलाही शाह रहमतुल्लाह अलैह के आस्ताने पर एक दिवसीय उर्स हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोमवार की रात बड़े अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया।जिसमें हिन्दू मुस्लिम एकता की मिशाल देखने को मिली।इस एक दिवसीय उर्स में तकरीरी प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम का आगाज कारी मोहम्मद अदनान ने तिलावते कुरआने पाक पढ़कर किया।उसके बाद कारी फजील अहमद कोपेपुर,मोहम्मद कासिम उर्फ लारा ने अपनी सुरीली आवाज में नाते पाक पढ़कर खूब वाह वाही बटोरी। उसके बाद बेहतरीन दारुल उलूम गौसिया कुतुबिया सीवन बाजिदपुर के मौलानाअहमद रजा ने कलामें आला हजरत पढकर लोगों को सुनाया।उसके बाद उर्स शरीफ में लखनऊ से तशरीफ लाए मौलाना कमालुद्दीन ने नबीए पाक सल्लाहो अलैह वसल्लम की शान में बेहतरीन तकरीर कर लोगों का मन मोह लिया।तकरीर के बाद सलातो सलाम के बाद मुल्क की खुशहाली और अमन व शांति के लिए दुआ की गई।इस उर्स का आयोजन मेला कमेटी के रफतबाबा,अंसार अहमद,मास्टर सरफराज अहमद,सोनू ठाकुर,हाफिज मोहम्मद ताहिर,मोहम्मद सुल्तान,ग्राम प्रधान सीवन सिराज अहमद,मास्टर उजैर अहमद,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद अली,जिला पंचायत सदस्य असगर अली,मुकीम अहमद,मोहम्मद अजीम,मोहम्मद जाफर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिवसेना नेताओं की राजनीति से प्रेरित अयोध्या दौरा के विरोध से उनके हिंदुत्व वाहक होने की खुली पोल

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे अयोध्या में अपने बड़ी संख्या में महाराष्ट्र के समर्थकों के साथ आकर रामलला और बजरंगबली का दर्शन किया इसके लिए व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त करने और यात्रा को सकुशल निपटाने का जिम्मा महाराष्ट्र के शिवसेना सांसद संजय राउत ने 13 जून से आकर मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने यहां की मीडिया और अयोध्या के संत महंतों को अपने पक्ष में करने और शिवसेना महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे को हिंदूवादी नेता के रूप में प्रस्तुत करके उत्तर प्रदेश में राजनीतिक रूप से मजबूती दिलाने के साथ महाराष्ट्र में भी भाजपा को स्थापित करने के प्रयास में है वहीं पर शिवसेना नेताओं की भाजपा और अपने विरोधी राज ठाकरे को मात देने की चाल उल्टी पड़ती नजर आ रही है। जिसमें यहां के स्थानीय शिवसेना के यूपी चीफ अनिल सिंह एंवम क्षेत्रीय प्रमुख शिवसेना अभय द्विवेदी ने भी कमान संभाली है। वहीं पर महाराष्ट्र मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास के विरोध के ऐलान से शिवसेना नेताओं के लिए मुश्किल खड़ी कर दिया है और कहा है कि शिवसेना नेताओं के घड़ियाली आंसू बहाने से अब कोई फायदा नहीं है हिंदू सजग और सतर्क है और अब वह शिवसेना नेताओं के कूटनीतिक चाल में हंसने वाला नहीं है। शिवसेना के मंत्री आदित्य ठाकरे का अयोध्या दौरा पूर्णरूपेण राजनैतिक। संपूर्ण अयोध्या पट गई है पोस्टर और होर्डिंग से। अयोध्या आने वाले का स्वागत है लेकिन डुग्गी पीटकर भोंपू बजाकर पोस्टर लगाकर राजनीतिक दौरे से अब शिवसेना का कोई भला होने वाला नहीं है । शिवसेना को राजू दास ने बताया की प्रदेशवासियों को कालनेमिकालनेमि से सावधान होने की है जरूरत। महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा पढ़ने वालों को 14 दिन की जेल और आतंकवादी जैसा व्यवहार करके और उल्टा कानून लगाकर भेजा जाता है जेल।अयोध्या आकर आदित्य ठाकरे क्या संदेश देना चाहते हैं।राजू दास का दावा कि सरयू के तट पर मौजूद होने के बाद नहीं की सरयू आरती की वही राजू दास ने कहा ऐसे लोगों से है सावधान होने की जरूरत। राजू दास अयोध्या के और भारतीय जनता पार्टी के एक प्रमुख संत हैं जिनका राम नगरी में काफी वर्चस्व जिसके चलते शिवसेना नेताओं के राजनीतिक यात्रा और इसके लाभ लेने की चाल कि जहां पोल खुल चुकी है उन्हें इसका पर्दाफाश हो चुका है।

## यूपी में दंगा रोकने के लिए सरकार की नई रणनीति : हेलीकॉप्टर भी उतारेगी योगी सरकार : कानून व्यवस्था हेतु बड़े बदलाव करने की तैयारी

अयोध्या ब्यूरो : यूपी में योगी सरकार हेलीकॉप्टर से बढ़ाएगी सुरक्षा व्यवस्था। एयरबस हेलीकॉप्टर के प्रतिनिधियों ने पेश किया ब्योरा। इस संबंध में यूके डिफेंस एवं सिक्योरिटी एक्सपोर्ट ब्रिटिश हाई कमीशन और एयरबस हेलीकाप्टर के प्रतिनिधियों ने अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी के सामने ब्यौरा दिया है। अवनीश अवस्थी ने एयरबस के प्रतिनिधियों से पर्यटन, पुलिसिंग एवं ट्रामा में हेलीकॉप्टर के उपयोग के संबंध में प्रस्ताव मांगा। इसके साथ ही भीड़ नियंत्रण, खाद्य राहत कार्य, आपदा प्रबंधन, मेडिकल इमरजेंसी, नक्सल एरिया की निगरानी में भी हेलीकॉप्टर के प्रयोग के संबंध में भी प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# 1857 वी क्रांति के महानायक मौलवी अहमद उल्ला शाह के शहादत दिवस पर गोष्ठी हुई संपन्न

अयोध्या ब्यूरो : अशफाक उल्ला खा मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक के आवास पर 1857 वी क्रांति के महानायक मौलवी अहमद उल्ला शाह के शहादत दिवस पर संपन्न गोष्ठी में बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में प्रत्येक समय गद्दारों ने देश भक्तों के साथ गद्दारी किया है। इसी कारण देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा रहा। संस्थान के प्रबंध निदेशक ने कहा कि मौलवी अहमद उल्ला शाह 1857 वी क्रांति के महानायक और वीर योद्धा थे, अग्रेजी हकूमत उन्हें अपना सबसे बड़ा दुश्मन मानती थी। उनके ऊपर उस समय 500000 का ईनाम घोषित किया था। उसी की लालच में रायबरेली की रियासत पुआयां के राजा ने धोखे से उनकों गोली मारकर हत्या कर दिया तथा उनका सिर काटकर शाहजहांपुर के कोतवाली को सौंप दिया। इसके पूर्व लोगों ने मौलवी के चित्र पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण करने वालों में सलाम जाफरी, तारिक मंजूर, विश्व प्रताप सिंह अंशू, मणीन्द्र शुक्ला मन्नू, विकास सोनकर, विक्रम निषाद, अंकित पाण्डेय, नीशू जायसवाल, गोपाल चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तहसील प्रांगण में धरने पर बैठे कांग्रेस नेता

अयोध्या ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार यहां अवैध कब्जे दलों के विरुद्ध बुलडोजर नहीं तो अपना रही है वहीं दूसरी तरफ मिल्कीपुर तहसील की राजस्व कर्मी और उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करवा करके मात्र दिखाने के लिए धारा 67 की कार्रवाई की जाती है इसी अवैध कब्जों के लिए को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता कहुआ निवासी शिव बहादुर दुबे द्वारा आज दूसरे दिन तहसील प्रांगण में आमरण अनशन पर बैठ गए हैं मिली जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र के कहुआ ग्रामीण दबंगों द्वारा बंजर की भूमि पर छप्पर आगे रखकर होलिका दहन स्थल व अन्य बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया गया शिव बहादुर दुबे द्वारा बार–बार प्रार्थना पर दिए जाने के उपरांत भी राजस्व कर्मी द्वारा उच्च अधिकारियों को मोटी रकम दिए जाने के चलते गुमराह करके फर्जी रिपोर्ट लगाइए राजस्व कर्मी के कारनामे से उठकर शिव बहादुर दुबे द्वारा कल से आमरण अनशन पर एसडीएम न्यायालय के बगल बैठ गए मजे की बात यह है कि आमरण अनशन बैठने के उपरांत तहसील प्रशासन द्वारा अवैध कब्जे दारो के विरुद्ध दिखाने के लिए धारा 67 की कार्रवाई की गई ऐसा लगता है तहसील प्रशासन एवं अवैध कब्जे दारो की भी मधुर संबंध कायम है।

# बनारस में बनेगा अलग सीजीएसटी कार्यालय –केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी

वाराणसी ब्यूरो : केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी गुरुवार को वाराणसी पहुंचे। सर्किट हाउस में उद्यमियों, व्यापारियों, टैक्स सलाहकारों के साथ संवाद किया। जीएसटी भुगतान में आ रही समस्या और सुझावों पर चर्चा की। व्यापारियों की मांग पर मंत्री ने आश्वासन दिया कि वाराणसी में जल्द ही अलग सीजीएसटी (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर ) कार्यालय का निर्माण कराया जाएगा। संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरियों ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और उन्हें निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पीएम सबका साथ सबका विकास के तहत काम कर रहे हैं। आज लोगों की सोच बदल रही है। व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए एक देश एक टैक्स का निर्धारण किया गया है। इससे व्यापार बढ़ा है और उद्यमियों– व्यापारियों को भी सहूलियत मिली है। बताया कि व्यापारियों को जीएसटी को लेकर तमाम तरह की विसंगतियां सामने आ रही हैं। इसलिए हम अलग–अलग जगह जाकर व्यापारियों के साथ बैठक कर यह जान रहे हैं कि उनको किस तरह की समस्याएं आ रही हैं। उनके सुझावों के आधार पर हम समस्याओं का समाधान करेंगे। अब तक 46 बैठक हो चुकी है। गलतफहमी और गलत जानकारी को दूर करने के लिए जोन स्तर पर बैठक की जा रही है। इस मौके पर व्यापारियों ने अपनी मांगों से मंत्री को अवगत कराया सुझाव भी दिए। अर्थव्यवस्था में तेजी से हो रहा सुधार इससे पहले मीडिया से बात करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार व्यापारियों–उद्यमियों के हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत




दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था में से एक है। हाल कि दिनों में हमारी अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ है और कोविड से पहले की स्थिति में हम पहुंच गए हैं। महंगाई पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई कहीं न कहीं कुछ फेज तक ही है। कुछ दिन पहले ही प्रधानमंत्री ने दो बार पेट्रोल और डीजल के दाम घटाया। जो हमारी आयात होने वाली चीजें हैं उन पर कस्टम ड्यूटी हटाई। जो चीजें ज्यादा बाहर जाती हैं उसके निर्यात पर भी रोक लगाई। ऐसे तमाम प्रयास किए जा रहे हैं ताकि आमजन को महंगाई से जल्द से जल्द निजात मिल सके। इससे पहले केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी पांडेयपुर स्थित ईसआईसी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने अपनी एड़ी का उपचार कराया। जीएसटी पंजीकरण के मामले में वाराणसी पहले नंबर पर जीएसटी आयुक्त लल्लन कुमार ने बताया कि देश में 1.35 करोड़ व्यापारी और उद्यमी पंजीकृत हैं। जीएसटी पंजीकरण के मामले में वाराणसी पहले नंबर पर है। जीएसटी आयुक्त के मुताबिक पिछले साल के मुकाबले 45 प्रतिशत अधिक जीएसटी की वसूली हुई है। पिछले साल के मुकाबले 800 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वसूली हुई है।

# उत्तर प्रदेश में 17 जूनको पहली मानसूनी बारिश के आसार : अगले 4 दिन कैसा रहेगा मौसम

अयोध्या ब्यूरो : तकलीफ मौसम से फिलहाल चार दिन राहत की उम्मीद नहीं है। रविवार को बांदा सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 45.6 रिकार्ड किया गया। दूसरे नंबर पर आगरा में 45.3, प्रयागराज और कानपुर में 44.8, लखनऊ, झांसी में 43.2 तथा वाराणसी का तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रविवार को बादल रहे। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक पूर्वी यूपी के आसमान पर बन रहे मानसून का असर 14 तक दिखने लगेगा। तापमान 41 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। 17 जून को मानसूनी बारिश हो सकती है। दो–तीन चरणों में बरसात की संभावना है। ऐसा मौसम अगले–दो तीन दिनों तक बना रहेगा। मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि रात में तापमान अधिक होने से दिन में गर्मी ज्यादा सता रही है। मानसून आने के पहले ऐसी स्थितियां बनती ही हैं।

## उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन में सहानुभूति की भूमिका नहीं : हाईकोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा किउत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन को निर्देशित करने या निर्देशित नहीं करने के मामले में सहानुभूति या करुणा की कोई भूमिका नहीं होती है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की पीठ ने अनूप कुमार सिंह व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। मामले में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा सेवा आयोग ने विभिन्न विषयों में सहायक प्रोफेसर के रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया था। याचिकाकर्ताओं ने भूगोल विषय में सहायक प्रोफेसर के पद के लिए आवेदन किया था और 30 अक्तूबर 2021 को लिखित परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के बाद आयोग द्वारा उत्तर कुंजी प्रकाशित की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने पाया कि आयोग द्वारा प्रकाशित उत्तर कुंजी में दिए गए 10 प्रश्नों के उत्तर गलत थे। इसलिए उन्होंने आयोग के समक्ष अपनी आपत्तियां उठाईं। याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर विचार किए बगैर एक उत्तर को सही करके परिणाम घोषित किया गया। अभ्यर्थियों ने उसे हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती दी और उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन करने और फिर से परिणाम घोषित करने का निर्देश देने की भी मांग की। याचियों ने कहा कि आयोग ने मनमाने तरीके



से आपत्तियों पर विचार किए बिना परिणाम घोषित कर दिया। विशेषज्ञ के निर्णय की नहीं कर सकते न्यायिक समीक्षा कोर्ट ने कहा कि न्यायालयों कोउम्मीदवारों की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन या जांच करने का निर्देश नहीं देना चाहिए, क्योंकि इस मामले में उनकी कोई विशेषज्ञता नहीं है। यह भी कहा कि अकादमिक मामलों को शिक्षाविदों पर छोड़ दिया जाए, न्यायिक समीक्षा की कोई गुंजाइश नहीं है। मामले में पुनर्मूल्यांकन के लिए निर्देश देकर अपने अधिकार क्षेत्र को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए, क्योंकि विशेषज्ञ के निर्णय की न्यायिक समीक्षा नहीं की जा सकती है। ऐसे मामलों में न्यायालयों को दखल भी नहीं देना चाहिए। कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।